तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 1 गोपाल सहाय बनाम पुरूषोत्तम व अन्य दीवानी वाद संख्या 10/2016 पुराना 50/2014	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
20-01-2025	अधिवक्ता उभय पक्ष उपस्थित। प्रतिवादी पुरूषोत्तम व इंदू की ओर से अधिवक्ता श्री विभोर गौड ने वकालतनामा पेश किया, जो शामिल पत्रावली रहे। बहस प्रार्थनापत्र आदेश 32 नियम 15 व आदेश 32(क) सपठित धारा 151 सी.पी.सी. पर सुनी तथा पत्रावली का अवलोकन किया। वादी की ओर से पेश इस प्रार्थनापत्र को स्वीकार करने में प्रतिवादी के अधिवक्ता ने कोई आपत्ति नहीं होना जाहिर किया। इस न्यायालय द्वारा दिनांक 20-08-2024 को इस प्रार्थनापत्र पर आदेश पारित कर प्रार्थनापत्र स्वीकार किया तथा जिसके विरूद्ध प्रस्तुत रिट याचिका में माननीय राजस्थान उच्च न्यायाल,खण्ड पीठ जयपुर ने आदेश दिनांक 26-09-2024 के मेडिकल बोर्ड का गठन कर वहां से राय प्राप्त कर पुनः आदेश पारित करने का निर्देश दिया, जिसकी पालना में मेडिकल बोर्ड गठित करने का पत्र जारी किया गया। सी.एम.एण्ड एच.ओ. ब्यावर द्वारा मेडिकल बोर्ड का गठन कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई,जिसका अवलोकन किया गया। मेडिकल बोर्ड द्वारा दी गई राय, वादी से पूर्व में की गई पूछताछ, जांच सहित समस्त तथ्यों को देखते हुए पत्रावली में प्रस्तुत साक्ष्य व सामग्री से वादी गोपाल सहाय के मानसिक दुर्बल्यता की स्थिति में होने का तथ्य पाया जाता है और उनकी पत्नी श्रीमती मंजू शर्मा को वादमित्र के रूप में अभिलेख पर लिए जाने का निवेदन किया गया, जिसके लिए आज प्रतिवादी के विद्वान अधवक्ता ने भी कोई आपत्ति नहीं होना बताया है। इन परिस्थितियों में वादी का प्रार्थनापत्र अंतर्गत आदेश 32 नियम 15 व आदेश 32(क)सपठित धारा 151 सी.पी.सी. स्वीकार किया जाता है। वादी गोपाल सहाय के वादमित्र के रूप में प्रार्थीया श्रीमती मंजू शर्मा को नियुक्त किया जाता है, जो इस प्रकरण में वादी की ओर से वादपत्र के रूप में आगे की कार्यवाही करेंगी। वादी की ओर से संशोधित वाद शीर्षक पूर्व में पेश किया जा चुका है, जो अभिलेख पर रहे। वादी अपने सभी गवाहों के शपथपत्र आगामी दिनांक से पूर्व प्रस्तुत करें। पत्रावली वास्ते साक्ष्य वादी दिनांक 03-02-2025 को पेश हो।	

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 2	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज 3	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील मे जारी हुए
25-01-2024		